# इन्वेस्ट राजस्थान, 2022

## चर्चा में क्यों?

6 मई, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास पर 'इन्वेस्ट राजस्थान, 2022' की तैयारियों की समीक्षा बैठक संबोधित की।

## प्रमुख बिंदु

- 'इन्वेस्ट राजस्थान, 2022' का आयोजन जयपुर के सीतापुरा स्थित 'जयपुर एग्ज़ीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर' में 7 और 8 अक्टूबर, 2022 को होगा।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि इन्वेस्ट राजस्थान के लिये देश भर में रोड शो और इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किये गए। इनमें 10.45 लाख करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश के लिये 4192 एमओयू एवं एलओआई हुए है, जिनसे प्रदेश में 9.69 लाख से अधिक लोगों को रोज़गार मिलेगा।
- उद्योग एवं वाणिज्य की अतिरिक्त मुख्य सचिव वीनू गुप्ता ने बताया कि इन्वेस्ट राजस्थान के कनेक्ट कार्यक्रमों की शृंखला में जयपुर में जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेट्रो) के समन्वय से गोल्फ इवेंट, विशाखापत्तनम् के मेडिकल डिवाइस पार्क, वडोदरा के पेट्रोलियम, केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स इंवेस्टमेंट रीजन (पीसीपीआईआर) और गुरुग्राम के फिनटेक पार्क में रोड शो आयोजित किये जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/invest-rajasthan-2022-4